Title: Need for construction of a dam on Golden bridge between Bharuch and Ankaleshwar in Gujarat − Laid.

श्री मनसुखभाई डी. वसावा (भरूच): मेरे संसदीय क्षेत्र के अंदर भरूच एवं अंकलेश्वर के बीच गोल्डन ब्रिज पर एक बांध बनाये जाने की अत्यंत आवश्यकता है। क्योंकि नर्मदा नदी पर एक बांध बनने से अब समुद्र का पानी अमावस्या एवं पूर्णिमा के समय चढ़ता है तो गोल्डन ब्रिज के आसपास के गांव में पानी आता है, जो कि खारा होता है और इस खारे पानी के आने से यहां के गांवों की फसलों को नुकसान होता है और फसल की पैदावार समय समय के साथ घटती जा रही है और लोगों के पीने के पानी में भी खारापन हो रहा है। जिसके कारण लोगों में बीमारी लग रही है और लोगों में विक्लांगता जैसे लक्षण देखने को मिल रहे हैं।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि केन्द्र सरकार की मदद से समुद्र के पानी को इन गांवों में आने से रोकने के लिए भरूच एवं अंकलेश्वर के बीच एक बांध बनाये जाने की अत्यंत आवश्यंकता है।